# बहुविकल्पीय प्रश्न कक्षा 10 हिंदी 'अ' क्षितिज (पद्य खंड)

## पाठ- पद (सूरदास) बहुविकल्पीय प्रश्न कक्षा 10 हिंदी 'अ' क्षितिज (पद्य खंड):

### काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।

**1** ऊधौ, तुम हौ अति बड़भागी ।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।
ज्यौं जल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी ।
प्रीति-नदी मैं पाउँ न बोरयौ, दृष्टि न रूप परागी।
'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी।।

**(क)** काव्यांश के आधार पर बताइए कि बड़भागी किसे कहा गया है**?**
**(i)** उद्धव को (ii) कृष्ण को (iii) गोपियों को (iv) इनमें से कोई नहीं
उत्तर: **(i)** उद्धव को

**(ख)** गोपियाँ कृष्ण के प्रेम में किस प्रकार डूबी रहती हैं**?**
**(i)** जैसे चींटियाँ गुड़ से चिपक जाती हैं
(ii) पत्तों की भाँति
(iii) अनुभूति की भाँति
(iv) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर: **(i)** जैसे चीटियाँ गुड़ से चिपक जाती हैं

**(ग)** प्रस्तुत पद्यांश किस पाठ से लिया गया है**?** इसके कवि का नाम बताइए।
(i) राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद (तुलसीदास)
(ii) कन्यादान (ऋतुराज)

**(iii)** पद (सूरदास)
(iv) 'अट नहीं रही' (निराला)
उत्तर: **(iii)** पद (सूरदास)

**(घ)** प्रस्तुत काव्यांश में गोपियों ने स्वयं को क्या कहा है**?**
(i) अबला (ii) भोली **(iii)** **(i)** और **(ii)** दोनों (iv) अनुरागी
उत्तर: **(iii)** **(i)** और **(ii)** दोनों

**(ङ)** गोपियों ने उद्धव की तुलना किससे की है**?**
(i) कमल के पत्तों से (ii) तेल के गागर से
**(iii)** **(i)** और **(ii)** दोनों (iv) गुड़ के समान
उत्तर: **(iii)** **(i)** और **(ii)** दोनों

(क) गोपियों को किसके प्रेम में आसक्ति है?
(i) मथुरा-प्रेम (ii) उद्धव-प्रेम (iii) संगीत-प्रेम (iv) कृष्ण-प्रेम

(ख) गोपियों के अनुसार, अत्यधिक भाग्यवान कौन है?
(i) उद्धव (ii) गोपियाँ (iii) मथुरा की प्रजा (iv) मथुरा नगरी

(ग) गोपियों ने उद्धव के कृष्ण-प्रेम से विरक्त रहने की तुलना किससे की है?
(i) कमल के पत्ते से (ii) चींटी और गुड़ के उदाहरण से (iii) तेल की मटकी से (iv) (i) और (iii) दोनों

(घ) 'गुर चाँटी ज्यौं पागी' पंक्ति में चींटी की तुलना किससे की गई है?
(i) कृष्ण से (ii) राधा से (iii) उद्धव से (iv) गोपियों से

(ङ) गोपियों ने उद्धव के सम्मुख कृष्ण के प्रति अपने प्रेम को किस प्रकार प्रकट किया है?
(i) कृष्ण के योग संदेश को अपनाकर
(ii) गुड़-चींटी के उदाहरण के माध्यम से
(iii) कृष्ण से निर्गुण प्रेम करके (iv) उपरोक्त सभी

**2** हमारैं हरि हारिल की लकरी ।
मन क्रम बचन नंद-नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी ।
जागत सोवत स्वप्न दिवस-निसि, कान्ह-कान्ह जकरी ।
सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करुई ककरी ।

सु तौ ब्याधि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी ।
यह तौ 'सूर' तिनहि लै सौंपौ, जिनके मन चकरी ।

**(क)** प्रस्तुत काव्यांश में 'हारिल की लकरी' किसे कहा गया है**?**
(i) गोपियों को (ii) श्रीकृष्ण को (iii) उद्धव को (iv) इनमें से कोई नहीं
उत्तर:**(ii)** श्रीकृष्ण को

**(ख)** गोपियों को उद्धव द्वारा लाया गया योग का संदेश किसके समान लगता है**?**
(i) हारिल पक्षी के (ii) कड़वी ककड़ी के (iii) उद्धव के (iv) इनमें से कोई नहीं
उत्तर:**(ii)** कड़वी ककड़ी के

**(ग)** 'तिनहिं लैं सौंपौ' पंक्ति में किसकी ओर संकेत किया गया है**?**
(i) जिनका मन चकरी के समान चंचल है
(ii) जिनका मन स्थिर है (iii) जो योग का संदेश देते (iv) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर: **(i)** जिनका मन चकरी के समान चंचल है

**(घ)** काव्यांश के आधार पर बताइए कि गोपियों ने मन, वचन और कर्म से किसको अपने हृदय में बसाया है**?**
(i) उद्धव को (ii) स्वयं को (iii) श्रीकृष्ण को (iv) ये सभी
उत्तर:**(iii)** श्रीकृष्ण को

**(ङ)** गोपियों ने अपने मन को कैसा बताया है **?**
(i) चंचल (ii) अस्थिर (iii) स्थिर (iv) ये सभी
उत्तर: **(iii)** स्थिर

**3** हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।
समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए।
इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।
बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, जोग-सँदेस पठाए।
ऊधौ भले लोग आगे के, पर हित डोलत धाए।
अब अपनै मन फेर पाइ हैं, चलत जु हुते चुराए।
ते क्यौं अनीति करैं आपुन, जे और अनीति छुड़ाए।
राज धरम तौ यहै 'सूर', जो प्रजा न जाहिं सताए।।

**(क)** मथुरा जाते समय श्रीकृष्ण गोपियाँ का क्या लेकर गए**?**
(i) नीति (ii) मन_(iii) बुद्धि (iv) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : **(ii)** मन

**(ख) 'ऊधौ भले लोग आगे के' पर हित डोलत धाए' इस पंक्ति का क्या आशय है?**
(i) पहले के लोग धूर्त थे, जो दूसरों की भलाई नहीं करते थे
(ii) दूसरों की भलाई न करने वाला
(iii) पहले के लोग भले थे, जो दूसरों की भलाई के लिए दौड़े चले आते थे
(iv) उपरोक्त सभी
उत्तर : **(iii)** पहले के लोग भले थे, जो दूसरों की भलाई के लिए दौड़े चले आते थे

**(ग)** गोपियाँ राजधर्म की बात किससे कहती हैं**?**
(i) कृष्ण से (ii) उद्धव से (iii) हरि से (iv) स्वयं से
उत्तर : **(ii)** उद्धव से

**(घ)** गोपियाँ उद्धव की बात सुनकर निराश क्यों हो गई**?**
(i) क्योंकि उद्धव श्रीकृष्ण के आने का समाचार लाए थे
(ii) क्योंकि उद्धव उनके लिए श्रीकृष्ण द्वारा भिजवाया गया योग का सन्देश लेकर आए थे
(iii) क्योंकि उद्धव श्रीकृष्ण से मिलन की सूचना लाए थे
(iv) उपरोक्त सभी
उत्तर : **(ii)** क्योंकि उद्धव उनके लिए श्रीकृष्ण द्वारा भिजवाया गया योग का संदेश लेकर आए थे

**(ङ)** गोपियों ने श्रीकृष्ण को राजा के कौन**-**से कर्त्तव्य बताए हैं**?**
(i) राजा किसी भी स्थिति में प्रजा को परेशान नहीं करता
(ii) प्रजा को दुःखी नहीं करता (iii) अन्याय का विरोध करता है (iv) उपरोक्त सभी
उत्तर : **(iv)** उपरोक्त सभी

## कविता पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।
**1** उद्धव द्वारा दी गई योग सम्बन्धी शिक्षा को गोपियाँ कैसा बताती है**?**
(i) हारिल की लकड़ी के समान (ii) गुड़ के समान मीठी (iii) राजधर्म योग्य
**(iv)** कड़वी ककड़ी के समान

**2** गोपियों के अनुसार किसने राजनीति की शिक्षा प्राप्त कर ली है**?**

**(i)** <u>कंस ने</u> (ii) नंद ने (iii) श्रीकृष्ण ने (iv) उद्धव ने

**3 कृष्ण द्वारा चुराई गई अपनी किस वस्तु को गोपियाँ वापस लेना चाहती हैं?**
(i) माखन (ii) धन **(iii)** <u>मन</u> (iv) दही

**4 गोपियाँ श्रीकृष्ण को किसके समान मानती है?**
**(i)** <u>हारिल की लकड़ी के समान</u>
(ii) राजगुरु के समान
(iii) कमल के पत्ते के समान
(iv) तेल की गगरी के समान

**5 गोपियों के अनुसार, श्रीकृष्ण ने किस मर्यादा का पालन नहीं किया?**
**(i)** <u>प्रेम की मर्यादा</u> (ii) लोक-लाज की मर्यादा
(iii) सामाजिक मर्यादा (iv) ये सभी

**6 गोपियाँ उद्धव से योग रूपी व्याधि को किसे देने के लिए कहती हैं?**
(i) स्थिर मन वाले व्यक्ति को
(ii) ज्वर पीड़ित व्यक्ति को
**(iii)** <u>अस्थिर मन वाले व्यक्ति को</u>
(iv) शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति को

**7 गोपियाँ उद्धव को बड़भागी क्यों कह रही हैं?**
(i) उनसे ईर्ष्या कर
(ii) उनसे खीझ कर
**(iii)** <u>उन पर व्यंग्य कर</u>
(iv) उन पर क्रोध में

**8 'सूरदास के पद' के आधार पर बताइए कि गोपियों ने व्यंग्य कसते हुए किसे भाग्यशाली कहा है?**
(i) श्रीकृष्ण को (ii) उद्धव को **(iii)** <u>सूरदास को</u> (iv) स्वयं को

**9 गोपियों के अनुसार, श्रीकृष्ण अपने किस कार्य द्वारा उन पर अन्याय कर रहे हैं?**
(i) बिना बताए मथुरा जाकर
(ii) राजधर्म की बातें करके
(iii) रोज-रोज उनके स्वप्न में आकर

**(iv)** <u>योग का सन्देश भिजवाकर</u>

10 "हरि हैं राजनीति पढ़ि आए" का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए
(i) कृष्ण राजा बन गए और राज्य की नीति सीख लिए।
(ii) कृष्ण राजनीति के कारण योग का प्रचार कर रहे हैं।
(iii) कृष्ण अब पहले से ज्यादा बुद्धिमान हो गए हैं।
**(iv)** <u>कृष्ण अब और चतुर, छली और धोखा देने में माहिर हो गए हैं।</u>

11 गोपियों ने किस प्रकार श्रीकृष्ण को अपने हृदय में बसाया हुआ है?
(i) मन से (ii) वचन से (iii) कर्म से **(iv)** <u>उपरोक्त सभी</u>

12 गोपियाँ स्वयं को क्या मानती हैं?
(i) वाक्पटु **<u>(ii)</u>** <u>अबला</u> (iii) चतुर
(iv) कपटी

13 कमल के पत्ते व जल का उदाहरण निम्नलिखित में से किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?
(i) गोपियों के लिए (**<u>ii)</u>** <u>उद्धव के लिए</u> (iii) श्रीकृष्ण के लिए
(iv) स्वयं कवि के लिए

# पाठ- राम लक्ष्मण परशुराम संवाद बहुविकल्पीय प्रश्न कक्षा 10 हिंदी 'अ' क्षितिज (पद्य खंड):

## काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न:

निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:

1 नाथ संभुधनु भंजनिहारा। होइहि केउ एक दास तुम्हारा।।
आयेसु काह कहिअ किन मोही। सुनि रिसाइ बोले मुनि कोही।।
सेवकु सो जो करै सेवकाई। अरिकरनी करि करिअ लराई।।
सुनहु राम जेहि सिवधनु तोरा। सहसबाहु सम सो रिपु मोरा ।।
सो बिलगाउ बिहाइ समाजा। न त मारे जैहहिं सब राजा।।
सुनि मुनि बचन लखन मुसुकाने। बोले परसुधरहि अपमाने।।

बहु धनुही तोरी लरिकाईं। कबहुँ न असि रिस कीन्हि गोसाईं ।।
येहि धनु पर ममता केहि हेतू। सुनि रिसाइ कह भृगुकुलकेतू ।।
रे नृप बालक काल बस बोलत तोहि न सँभार।
धनुही सम तिपुरारि धनु बिदित सकल संसार ।।

(क) परशुराम के क्रोध को शांत करने के लिए राम ने उनसे क्या कहा?
(i) धनुष तोड़ने वाला कोई राजकुमार है
***(ii)*** धनुष तोडने वाला आपका कोई सेवक होगा
(iii) धनुष तोड़ने वाला आपका कोई मित्र होगा
(iv) यह धनुष अपने आप टूट गया

(ख) स्वयंवर में जो धनुष टूट गया था, वह किसका धनुष था?
***(i)*** राजा जनक का (ii) राम का (iii) विष्णु जी का (iv) परशुराम जी के आराध्य शिवजी का

(ग) शिव-धनुष टूटने पर परशुराम क्रोधित क्यों हुए?
(i) परशुराम शिव-भक्त थे और उन्हें शिव-धनुष प्रिय था
(ii) उन्हें सीता-स्वयंवर में आमंत्रित नहीं किया गया था
***(iii)*** वे क्षत्रिय कुल के विद्रोही थे
(iv) परशुराम जी क्रोधी स्वभाव के थे

(घ). 'भृगुकुलकेतू' किसे कहा गया है?
(i) लक्ष्मण को (***ii)*** राजा जनक को (iii) परशुराम को (iv) विश्वामित्र को

(ङ) शिव-धनुष तोड़ने वाले की तुलना परशुराम ने अपने किस शत्रु से की है?
(i) कर्ण (ii) सहसबाहु ***(iii)*** घटोत्कच (iv) दुर्योधन

**2** लखन कहा हसि हमरे जाना। सुनहु देव सब धनुष समाना।।
का छति लाभु जून धनु तोरें। देखा राम नयन के भोरें ।।
छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू। मुनि बिनु काज करिअ कत रोसू।।
बोले चितै परसु की ओरा। रे सठ सुनेहि सुभाउ न मोरा ।।
बालकु बोलि बधौं नहिं तोही। केवल मुनि जड़ जानहि मोही।।
बाल ब्रहमचारी अति कोही। बिस्व बिदित क्षत्रियकुल द्रोही ।।
भुजबल भूमि भूप बिनु कीन्ही । बिपुल बार महिदेवन्ह दीन्ही ।।
सहसबाहुभुज छेदनिहारा। परसु बिलोकु महीपकुमारा।।
मातु पितहि जनि सोचबस करसि महीसकिसोर ।
गर्भन्ह के अर्भक दलन परसु मोर अति घोर ।।

(क) प्रस्तुत पद्यांश किस पाठ से लिया गया है? इसके कवि का नाम बताइए।
(i) पद (सूरदास) ***(ii)*** <u>राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद *(*तुलसीदास*)*</u>
(iii) 'उत्साह' (सूर्यकांत त्रिपाठी निराला) (iv) कन्यादान (ऋतुराज)

(ख) लक्ष्मण ने भगवान शिव का धनुष टूटने का क्या कारण बताया?
***(i)*** <u>श्री राम के छूने मात्र से यह टूट गया</u>
(ii) सामान्य धनुष था इसलिए टूट गया
(iii) लकड़ी का धनुष था इसलिए टूट गया
(iv) उपरोक्त में से कोई नहीं

(ग) परशुराम ने क्रोधित होकर लक्ष्मण को अपने बारे में क्या बताया?
(i) बाल ब्रह्मचारी हूँ (ii) अत्यंत क्रोधी स्वभाव का हूँ
(iii) विश्व में क्षत्रिय कुल के शत्रु के रूप में विख्यात हूँ ***(iv)*** <u>उपरोक्त सभी</u>

(घ) परशुराम ने लक्ष्मण को क्या समझकर उनका वध न करने की बात कही?
***(i)*** <u>बालक</u> (ii) राजा (iii) क्षत्रिय (iv) इनमें से कोई नहीं

(ङ) परशुराम ने लक्ष्मण को क्या चेतावनी दी?
***(i)*** <u>माता-पिता को चिंता में मत डाल</u> (ii) बालकों के समान बने रहो (iii) वाद-विवाद मत कर (iv) उपरोक्त में से कोई नहीं

**3** बिहसि लखनु बोले मृदु बानी। अहो मुनीसु महाभट मानी।।
पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारु। चहत उड़ावन फूँकि पहारू।।
इहाँ कुम्हड़बतिआ कोउ नाहीं। जे तरजनी देखि मरि जाहीं।।
देखि कुठारु सरासन बाना। मैं कछु कहा सहित अभिमाना।।
भृगुसुत समुझि जनेउ बिलोकी। जो कुछु कहहु सहौं रिस रोकी।।
सुर महिसुर हरिजन अरु गाई। हमरे कुल इन्ह पर न सुराई।।
बधें पापु अपकीरति हारें। मारतहू पर परिअ तुम्हारें ।।
कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा। व्यर्थ धरहु धनु बान कुठारा।।
(क) लक्ष्मण ने चतुराईपूर्वक अपनी वीरता का परिचय किसे दिया?
***(i)*** <u>परशुराम को</u> (ii) विश्वामित्र को (iii) सभा को (iv) ये सभी

(ख) काव्यांश के आधार पर बताइए कि रघुकुल के व्यक्ति किस पर अपनी वीरता का प्रदर्शन नहीं करते?

(i) देवता (ii) ब्राह्मण (iii) भगवान के भक्त ***(iv)* ये सभी**

(ग) 'कुम्हड़बतिया' किस फल को कहते हैं?
(i) काशीफल को (ii) तरबूज को (iii) कुम्हड़े को ***(iv)* ये सभी**

(घ) काव्यांश में 'कुम्हड़बतिया' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?
***(i)* कमजोर व्यक्तियों के लिए** (ii) शक्तिशाली व्यक्तियों के लिए (iii) (i) और (ii) दोनों
(iv) विद्वान् व्यक्तियों के लिए

(ङ) काव्यांश के आधार पर बताइए कि कौन फूँक से विशाल पर्वत को उड़ा देना चाहता था?
(i) लक्ष्मण ***(ii)* परशुराम** (iii) राम (iv) विश्वामित्र

**4** कौसिक सुनहु मंद येहु बालकु। कुटिल कालबस निज कुल घाल
भानुबंस राकेस कलंकू । निपट निरंकुसु अबुधु असंकू ।।
कालकवलु होइहि छन माहीं । कहौं पुकारि खोरि मोहि नाहीं ।।
तुम्ह हटकहु जौ चहहु उबारा । कहि प्रताप बल रोषु हमारा ।।
लखन कहेउ मुनि सुजसु तुम्हारा । तुम्हहि अछत को बरनै पारा ।।
अपने मुहु तुम्ह आपनि करनी। बार अनेक भाँति बहु बरनी ।।
नहि संतोष त पुनि कहु कहहू । जनि रिस रोकि दुसह दुख सहहू ।।
बीरबती तुम्ह धीर अछोभा । गारी देत न पावहु सोभा ।।
सूर समर करनी करहिं कहि न जनावहिं आपु ।
विद्यमान रन पाइ रिपु कायर कथहिं प्रतापु ।
(क) लक्ष्मण ने वीरों और कायरों की जो पहचान बताई है उसके अनुसार क्या सहीं नहीं है?
(i) वीर : युद्ध में वीरता का प्रदर्शन
(ii) कायर : शत्रु समक्ष अपने प्रताप का वर्णन
***(iii)* वीर *:* शत्रु समक्ष अपने प्रताप का वर्णन**
(iv) कायर : स्वयं की प्रसन्नसा करना

(ख) क्रोध में भरकर परशुराम ने लक्ष्मण को क्या कहा है?
***(i)* सूर्यवंश में चंद्रमा के समान कलंकी**
(ii) चंद्रवंश में सूर्य के समान प्रतापी
(iii) सूर्यवंश में उदित बाल सूर्य
(iv) चन्द्रवंश के कलंकी चंद्रमा

(ग) परशुराम ने विश्वामित्र से किस प्रकार लक्ष्मण को समझाने की बात कही है?
(i) सहस्रबाहु के वध के वर्णन द्वारा
***(ii)*** अपने प्रताप, बल और क्रोध के वर्णन द्वारा
(iii) अपने प्रताप, बल और यश के वर्णन द्वारा
(iv) पृथ्वी को क्षत्रिय विहीन करने की घटना के वर्णन द्वारा

(घ) लक्ष्मण के अनुसार, परशुराम के मुँह से अपशब्द शोभा नहीं देते, क्यों?
(i) वे ब्राह्मण और संन्यासी हैं। (ii) वे तपस्वी और अवतारी हैं।
***(iii)*** वे वीर और धीर हैं। (iv) वे शिव के भक्त हैं।

(ङ) लक्ष्मण ने परशुराम से कहा, "आपके रहते आपका सुयश और कौन बता सकता है?"-ऐसा कहने के पीछे मंतव्य है
(i) सम्मानजनक ***(ii)*** व्यंग्यात्मक (iii) रोषपूर्ण (iv) उपेक्षापूर्ण

**5** तुम्ह तौ कालु हाँक जनु लावा। बार बार मोहि लागि बोलावा।।
सुनत लखन के बचन कठोरा। परसु सुधारि धरेउ कर घोरा।।
अब जनि देइ दोसु मोहि लोगू। कटुबादी बालकु बधजोगू।।
बाल बिलोकि बहुत मैं बाँचा। अब येहु मरनिहार भा साँचा।।
कौसिक कहा छमिअ अपराधू। बाल दोष गुन गनहिं न साधू।।
खर कुठार मैं अकरुन कोही। आगे अपराधी गुरुद्रोही ।।
उतर देत छोड़ौं बिनु मारे। केवल कौसिक सील तुम्हारे ।।
न त येहि काटि कुठार कठोरे। गुरहि उरिन होतेउँ श्रम थोरे ।।
(क) काव्यांश के आधार पर बताइए कि लक्ष्मण के किस कथन से उनकी निडरता का परिचय मिलता है?
***(i)*** परशुराम से यह कहना कि बार-बार आवाज़ लगाकर काल को मेरे लिए बुला रहे हो (ii) कड़वे कथन बोलने से (iii) अपराध करने से (iv) उपरोक्त में से कोई नहीं

(ख) परशुराम ने लक्ष्मण को कैसे बालक की संज्ञा दी है?
***(i)*** कटु बोलने वाले (ii) मृदु बोलने वाले (iii) अहंकारी वचन वाले (iv) निर्भयी

(ग) काव्यांश के आधार पर बताइए कि परशुराम ने क्या समझकर लक्ष्मण को बचाया?
***(i)*** बालक (ii) युवा (iii) साधु (iv) उपरोक्त में से कोई नहीं

(घ) परशुराम लक्ष्मण पर क्यों क्रोधित हो गए?

(i) लक्ष्मण के कठोर वचन सुनकर (ii) लक्ष्मण की व्यंग्य भरी बातें सुनकर
***(iii) (i)*** और ***(ii)*** दोनों (iv) शिव धनुष टूटने से

(ङ) काव्यांश के आधार पर बताइए कि परशुराम के क्रोध को देखकर कौन खड़ा हुआ?
(i) लक्ष्मण (ii) श्रीराम ***(iii)*** विश्वामित्र (iv) सभा जन

## कविता पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न:

निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।
1. परशुराम ने अपने फरसे से किसकी भुजाओं को काट डाला था?
***(i)*** सहस्रबाहु (ii) ब्राह्मण (iii) शत्रुओं (iv) क्षत्रिय

2. लक्ष्मण के अनुसार, निम्नलिखित में से क्या वीर योद्धा की विशेषता है?
(i) अपनी वीरता का बखान करना
***(ii)*** युद्ध क्षेत्र में अपना प्रताप अथवा कौशल दिखाना
(iii) अपशब्द बोलना
(iv) अधीर व क्रोधी स्वभाव

3. 'कुम्हड़बतिआ' की विशिष्टता क्या है?
(i) तीव्र प्रहार से मुरझा जाती है
(ii) अत्यधिक शीत लहर से मुरझा जाती है
(iii) शस्त्र दिखाने मात्र से भयभीत हो जाती है
***(iv)*** तर्जनी अँगुली के संकेत मात्र से मुरझा जाती है

4. 'बाल दोष गुन गनहिं ना साधु'-यह कथन किसका है?
(i) परशुराम का ***(ii)*** विश्वामित्र का (iii) राम का (iv) लक्ष्मण का

5. निम्नलिखित में से परशुराम की विशेषता क्या नहीं है?
***(i)*** क्षत्रिय कुल का संरक्षक (ii) ब्राह्मण कुलोत्पन्न (iii) क्रोधी एवं अहंकारी (iv) बाल ब्रह्मचारी

6. परशुराम द्वारा लक्ष्मण को मारने के लिए फरसा उठाने पर सभा में उपस्थित लोगों की क्या प्रतिक्रिया हुई?
(i) सभाजन शान्तिपूर्वक बैठे रहें (ii) एक-एक करके सभी लोग सभा से जाने लगें

***(iii)*** <u>सभाजन हा-हाकार मचाने लगें</u> (iv) सभाजन प्रसन्न मुद्रा में बैठे रहें

7. 'जल सम बचन' किसके थे?

***(i)*** <u>राम के</u> (ii) लक्ष्मण के (iii) विश्वामित्र के (iv) परशुराम के

8. परशुराम के क्रोध का मूल कारण क्या था?

(i) लक्ष्मण की व्यंग्यपूर्ण उक्तियाँ ***(ii)*** <u>शिव धनुष का टूटना</u>

(iii) शिव धनुष का पुराना पड़ जाना (iv) उपरोक्त सभी कथन सत्य हैं

## पाठ- उत्साह तथा अट नहीं रही है कक्षा 10 हिंदी 'अ' क्षितिज के बहुविकल्पीय प्रश्न (पद्द भाग):

### काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न:

निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:

उत्साह

1 बादल, गरजो!-घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!
ललित ललित, काले घुँघराले, बाल कल्पना के-से पाले,
विद्युत-छबि उर में, कवि, नवजीवन वाले!
वज्र छिपा, नूतन कविता
फिर भर दो-बादल गरजो!

(क) कवि बादलों से क्या आग्रह कर रहा है?

***(i)*** <u>बरसने का</u> (ii) छाए रहने का (iii) कड़कड़ाने का (iv) ये सभी

(ख) कवि के अनुसार बादलों के भीतर क्या छिपा हुआ है?

***(i)*** <u>बिजली की कड़क</u> (ii) पानी (iii) रहस्य (iv) काली घटा

(ग) कवि ने बादलों को किसके समान सुंदर बताया है?

***(i)*** <u>केशों के</u> (ii) आसमान के (iii) वर्षा के (iv) इनमें से कोई नहीं

(घ) प्रस्तुत काव्यांश के आधार पर बताइए कि कवि 'निराला' ने बादलों की तुलना किससे की है?
***(i)*** <u>कवि से</u> (ii) वर्षा से (iii) सृष्टि से (iv) ये सभी

ङ) कवि के अनुसार नूतन कविता कैसी होनी चाहिए?
***(i)*** <u>संपूर्ण संसार में जोश भर देने वाली</u>
(ii) संपूर्ण संसार को नीरवता से भर देने वाली
(iii) संपूर्ण संसार का अंत कर देने वाली
(iv) उपरोक्त में से कोई नहीं

**2** विकल विकल, उन्मन थे उन्मन
विश्व के निदाघ के सकल जन,
आए अज्ञात दिशा से अनंत के घन!
तप्त धरा, जल से फिर
शीतल कर दो- बादल गरजो!
(क) काव्यांश के आधार पर बताइए कि संसार के सभी प्राणियों की स्थिति कैसी है?
***(i)*** <u>गर्मी के कारण बेचैन और उदास हैं</u> (ii) गर्मी के कारण खुश हैं
(iii) वर्षा के कारण उत्साहित हैं (iv) उपरोक्त सभी

(ख) कवि गर्मी से तपती धरती को जल से भरकर शीतल करने का आग्रह किससे कर रहा है?
(i) स्वयं से ***(ii)*** <u>बादलों से</u> (iii) चाँद से (iv) ये सभी

(ग) कवि ने बादलों को क्या कहकर पुकारा है?
***(i)*** <u>अज्ञात दिशा से आने वाले</u> (ii) बरसने वाले (iii) ज्ञात दिशा से आने वाले (iv) उपरोक्त में से कोई नहीं

(घ) काव्यांश में प्रयुक्त 'विकल-विकल, उन्मन थे उन्मन' पद किसकी विकलता और उदासी को सूचित करता है?
(i) उदास बादलों की **(ii)** उदास प्राणियों की (iii) (i) और (ii) दोनों (iv) स्वयं अपनी

(ङ) काव्यांश में प्रयुक्त 'उन्मन' शब्द किस भाव का सूचक है?
***(i)*** <u>उदासी का</u> (ii) खुशी का (iii) चमत्कार का (iv) ये सभी

(क) कवि ने बादलों को क्या कहकर संबोधित किया है?
(i) अज्ञात दिशा ***(ii)*** अनंन्त के घन (iii) विकल (iv) उपरोक्त सभी

(ख) काव्यांश के अनुसार, सभी लोग बेचैन क्यों हैं?
(i) अत्यधिक जलभराव के कारण ***(ii)*** अत्यधिक ताप के कारण
(iii) आर्थिक विपन्नता के कारण (iv) वर्षा की तीव्रता के कारण

(ग) किसका मन विकल (व्याकुल) था?
***(i)*** संसार के सभी प्राणियों का (ii) बादलों का (iii) कवि का (iv) उपरोक्त सभी

(घ) कवि के अनुसार, बादल कहाँ से आ रहे हैं?
(i) आसमान के एक विशेष छोर से (ii) ईश्वर के घर से
***(iii)*** अनजान दिशा से (iv) धरा से

(ङ) कवि बादलों से क्या अनुरोध कर रहा है?
(i) प्राणियों के मन को विकल करने का ***(ii)*** धरती को शीतल करने का
(iii) ज्ञात दिशा से आने का (iv) धरा को तप्त करने का

## अट नहीं रही है

**2** अट नहीं रही है
आभा फागुन की तन
सट नहीं रही है।
कहीं साँस लेते हो,
घर-घर भर देते हो,
उड़ने को नभ में तुम
पर-पर कर देते हो,
आँख हटाता हूँ तो
हट नहीं रही है।
पत्तों से लदी डाल
कहीं हरी, कहीं लाल,
कहीं पड़ी है उर में
मंद-गंध-पुष्प-माल,

पाट-पाट शोभा-श्री
पट नहीं रही है।

(क) काव्यांश के आधार पर बताइए कि किस ऋतु में प्रकृति की सुंदरता अत्यधिक बढ़ जाती है?

***(i)*** फागुन *(*वसंत ऋतु में*)* (ii) ग्रीष्म ऋतु में
(iii) शीत ऋतु में (iv) उपरोक्त में से कोई नहीं

(ख) प्रस्तुत पंक्तियों में कवि ने किसका वर्णन किया है?

***(i)*** प्राकृतिक सौंदर्य का (ii) वर्षा ऋतु का (iii) भौगोलिक सौंदर्य का (iv) उपरोक्त में से कोई नहीं

(ग) प्रस्तुत पद्यांश के पाठ का नाम तथा इसके कवि का नाम बताइए।

***(i)*** उत्साह' तथा 'अट नहीं रही' (सूर्यकांत त्रिपाठी निराला)
(ii) पद (सूरदास) (iii) कन्यादान (ऋतुराज) (iv) यह दंतुरित मुसकान (नागार्जुन)

(घ) फागुन के आगमन से पेड़ों की डालियों का स्वरूप किस तरह का हो गया है?

(i) डालियों से पत्ते झड़ गए ***(ii)*** डालियाँ पत्तों से भर गई
(iii) डालियाँ सूख गई (iv) उपरोक्त से कोई नहीं

(ङ) 'पट नहीं रही हैं' पंक्ति में कवि क्या कहना चाहता है?

(i) सब जगह सुंदरता फैली हुई है (ii) रंग-बिरंगे फूल-पत्ते छा गए हैं
***(iii) (i)*** और ***(ii)*** दोनों (iv) पतझड़ आ गया है

(क) प्रकृति के तन में वसंत का सौंदर्य क्यों नहीं समा पा रहा है?

(i) प्रकृति के सीमित परिवेश के कारण
***(ii)*** सौंदर्य की अधिकता के कारण
(iii) वसंत के प्रति अत्यधिक आकर्षण न होने के कारण
(iv) पेड़ों का फलों से लदे होने के कारण

(ख) हरे एवं लाल पत्तों से लदी डालियों को देखकर कवि को ऐसा गलता है, मानो

(i) संपूर्ण वातावरण में फूलों की खुशबू समा गई हो।
(ii) डालियाँ पत्तों के भार को वहन करने में असमर्थ हैं।
***(iii)*** फागुन के गले में सुगंधित फूलों की माला पड़ी हो।
(iv) डालियाँ खुशी से झूम रही हैं।

(ग) कवि की आँख फागुन की सुंदरता से इसलिए नहीं हट रही हैं, क्योंकि
***(i)*** फागुन का सौंदर्य अनूठा है। (ii) फागुन का सौंदर्य फीका है। (iii) फागुन का सौंदर्य कांतिहीन है। (iv) फागुन का सौंदर्य अशोभनीय है।

(घ) वन के वैभव में क्या कूट-कूटकर भरा है?
(i) रंग-बिरंगे पत्ते (ii) अपार जल (iii) विशाल पर्वत एवं नदियाँ ***(iv)*** शोभा और सौंदर्य

(ङ) फागुन अन्य ऋतुओं से इस प्रकार भिन्न होता है?
***(i)*** सुहावने मौसम के कारण (ii) पहाड़ों पर बर्फ जमने के कारण
(iii) नदियों में गर्म पानी बहने के कारण (iv) पेड़-पौधों पर फूल मुरझाने के कारण

## कविता पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न:

निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।
1 कवि ने बादलों के लिए किस विशेषण का प्रयोग किया है?
(i) अनंत ***(ii)*** नवजीवन वाले (iii) ललित (iv) मनमोहक

2 कवि बादलों से किस प्रकार बरसने का आह्वान कर रहा है?
(i) गोल-गोल घूमकर (ii) धीरे-धीरे ***(iii)*** आकाश को घेरकर (iv) तीव्र वेग में

3 'उत्साह' कविता में बादल किसका प्रतीक है?
(i) शांति का ***(ii)*** क्रांति का (iii) स्थिरता का (iv) सुख का

4 कवि ने बादलों को किसकी कल्पना के समान पाले हुए माना है?
(i) विद्युत की कल्पना ***(ii)*** बाल कल्पना (iii) आसमान की कल्पना
(iv) काले घुँघराले बालों की कल्पना

5 कवि ने तप्त धरा के माध्यम से किस ओर संकेत किया है?
***(i)*** जन सामान्य की पीड़ा (ii) जलवायु परिवर्तन (iii) अत्यधिक गर्मी (iv) वैश्विक तपन

6 'अट नहीं रही है' कविता में चारों तरफ किसकी सुंदरता फैली हुई है?

**(i)** फागुन (ii) माघ (iii) कार्तिक (iv) बैशाख

7 कवि की आँखें किसकी ओर से नहीं हट पा रही है?
(i) प्रेयसी की ओर से (ii) विशालकाय पर्वत की ओर से
***(iii)*** प्राकृतिक सुंदरता की ओर से (iv) काले-काले बादलों की ओर से

8 फागुन आते ही वन-उपवन में क्या परिवर्तन होने लगता है
(i) पेड़ों के पत्ते गिरने लगते हैं (ii) पेड़-पौधे मुरझाने लगते हैं
***(iii)*** पेड़ों पर रंग-बिरंगे फूल खिलने लगते हैं (iv) सभी कथन सत्य हैं

9 'कहीं साँस लेते हो, घर-घर भर देते हो' पंक्ति में किसकी विशिष्टता व्यंजित हुई है?
(i) हवा की (ii) फलों की (iii) नभ की ***(iv)*** फूलों की

10 फागुन कवि के मन को किस तरह प्रभावित करता है?
***(i)*** खुशनुमा वातावरण से उसका मन पक्षियों की तरह उड़ने लगता है।
(ii) प्राकृतिक सौंदर्य देखकर उसका मन विचलित होने लगता है।
(iii) पक्षियों की चहचाहट सुनकर उसका मन अस्थिर हो जाता है।
(iv) उसका मन कल्पना लोक में विचरण करने लगता है।

# पाठ- 'यह दंतुरित मुस्कान' तथा 'फसल' बहुविकल्पीय प्रश्न कक्षा 10 हिंदी 'अ' क्षितिज:

## काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।

### यह दंतुरित मुसकान

**1** तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान
मृतक में भी डाल देगी जान
धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात...
छोड़कर तालाब मेरी झोपड़ी में खिल रहे जलजात
परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,
पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण
छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े शेफालिका के फूल

**बाँस था कि बबूल?**

(क) काव्यांश के आधार पर बताइए कि बच्चे की मुस्कान किसे पिघलाने में समर्थ है?
(i) कठोर पत्थर को (ii) पहाड़ को ***(iii)* कठोर व्यक्ति के मन को** (iv) संपूर्ण वातावरण को

(ख) झोपड़ी में कमल खिलने का क्या तात्पर्य है?
(i) झोपड़ी का सुगंधित वातावरण ***(ii)* गरीबी में भी आनंद की अनुभूति**
(iii) आर्थिक संपन्नता (iv) झोपड़ी में कमल के फूलों की सजावट

(ग) प्रस्तुत काव्यांश में किसकी मुस्कान की विशेषता का वर्णन किया गया है?
***(i)* बाल शिशु की** (ii) प्रसन्नचित बालकों की (iii) ग्रामीण बालकों की (iv) ये सभी

(घ) काव्यांश के अनुसार, शिशु का शरीर कैसा है?
(i) आभूषणों से युक्त (ii) कमल के फूलों से युक्त
(iii) सूर्य के समान आभायुक्त ***(iv)* धूल से सना हुआ**

(ङ) बच्चे के स्पर्श मात्र से क्या परिवर्तन हुआ?
(i) कमल के फूल खिलने लगे (ii) मृत व्यक्ति में प्राणों का संचार होने लगा
***(iii)* शेफालिका के फूल झरने लगे** (iv) बबूल के पत्ते गिरने लगे

**2** तुम मुझे पाए नहीं पहचान**?**
देखते ही रहोगे अनिमेष**!**
थक गए हो**?**
आँख लूँ मैं फेर**?**
क्या हुआ यदि हो सके परिचित न पहली बार**?**
यदि तुम्हारी माँ न माध्यम बनी होती आज
मैं न सकता देख
मैं न पाता जान
तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान

(क) कवि को अपलक कौन निहार रहा है?
(i) पत्नी (ii) माँ ***(iii)* अबोध शिशु** (iv) अनजान व्यक्ति

(ख) नन्हें बच्चे का कवि से परिचय किसने कराया?
***(i)* शिशु की माँ ने** (ii) स्वयं कवि ने (iii) कवि की माँ ने (iv) वहाँ उपस्थित लोग

(ग) बच्चे द्वारा कवि को न पहचान पाने का क्या कारण था।
(i) बच्चा कवि को पहली बार देख रहा था (ii) बच्चा कवि से पूर्णत: अपरिचित था
(iii) कवि प्रथम बार बच्चे से भेंट कर रहा था ***(iv)* सभी कथन सत्य हैं**

(घ) यदि बच्चे की माँ माध्यम न बनती तो कवि क्या नहीं देख पाता?
(i) बच्चे की खिलखिलाहट
***(ii)* नए-नए दाँत निकलने वाले शिशु की मुस्कान**
(iii) शिशु का आभायुक्त मुख (iv) धूल से सने हुए शिशु को

(ङ) 'अनिमेष' का क्या अर्थ है?
***(i)* एकटक देखना** (ii) प्रसन्नतापूर्वक देखना (iii) विनम्रतापूर्वक देखना (iv) पलक झपकाकर देखना

## फसल

**1** एक के नहीं, दो के नहीं,
ढेर सारी नदियों के पानी का जादू:
एक के नहीं, दो के नहीं,
लाख-लाख कोटि-कोटि हाथों के स्पर्श की गरिमा:
एक की नहीं दो की नहीं,
हज़ार-हज़ार खेतों की मिट्टी का गुण धर्म:

(क) फसल के उगने में किसका योगदान रहता है?
(i) अनेक व्यक्तियों के शारीरिक परिश्रम का (ii) नदियों के जल का
(iii) खेतों की मिट्टी के गुणधर्म का ***(iv)* उपरोक्त सभी**

(ख) 'कोटि-कोटि हाथों के स्पर्श की गरिमा' से क्या अभिप्राय है?
***(i)* किसानों के शारीरिक परिश्रम द्वारा फसल निर्माण से**
(ii) हाथों द्वारा बीजों को मिट्टी में रोपित करने से
(iii) मशीनों के स्थान पर मानव श्रम को ही महत्त्व देने से
(iv) उपरोक्त में से कोई नहीं

(ग) 'एक के नहीं, दो के नहीं' पंक्ति की आवृत्ति क्यों की गई है?
***(i)* सामूहिकता के भाव को प्रकट करने के लिए**
(ii) गणना करने के लिए (iii) आलंकारिकता के लिए

(iv) आवृत्ति भाव उत्पन्न करने के लिए

(घ) 'फसल' कविता में कवि ने किस विषय में बताया है?
(i) फसल उत्पादन में मिट्टी की गुणवत्ता के सहयोग के विषय में
(ii) प्रकृति और मानव के परस्पर सहयोग के विषय में
(iii) किसानों के परिश्रम के विषय में
***(iv)* फसल उत्पादन में आवश्यक कारक तत्वों के विषय में**

(ङ) फसल की पैदावार किसके जादू के कारण होती है?
(i) काली-संदली मिट्टी के मिश्रण द्वारा (ii) रासायनिक खाद द्वारा ***(iii)* नदियों के पानी द्वारा** (iv) चाँद की किरणों द्वारा

**2** फसल क्या है**?**
और तो कुछ नहीं है वह
नदियों के पानी का जादू है वह
हाथों के स्पर्श की महिमा है
भूरी**-**काली**-**संदली मिट्टी का गुण**-**धर्म है
रूपांतर है सूरज की किरणों का
सिमटा हुआ संकोच है हवा की थिरकन का**! CBSE 2016**

(क) फसल किसका बदला हुआ रूप है?
(i) नदियों के पानी का ***(ii)* सूरज की किरणों का** (iii) भूरी-काली मिट्टी का (iv) उपरोक्त सभी

(ख) कवि के अनुसार, फसल क्या है?
(i) मनुष्य के शारीरिक परिश्रम का फल (ii) प्रकृति के सहयोग का फल
***(iii) (i)* और *(ii)* दोनों** (iv) मिट्टी की गुणवत्ता पर आधारित

(ग) 'हाथों के स्पर्श की महिमा' पंक्ति में निहित भाव है
(i) हाथों के स्पर्श मात्र से ही फसल निर्मित होती है
(ii) किसानों के हाथों का पसीना फसल उत्पादन के लिए आवश्यक है
***(iii)* फसल सामूहिक परिश्रम का फल है** (iv) सभी कथन सत्य हैं

(घ) कवि फसल के विषय में क्या मानता है?
***(i)* फसल का अपना कोई अस्तित्व नहीं है**

(ii) प्रकृति का सहयोग पाकर फसल स्वयं निर्मित होती है
(iii) केवल मानव श्रम द्वारा ही फसल उत्पादन सम्भव है
(iv) मिट्टी के गुणधर्म का फसल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता

(ङ) वायु का योगदान किसे विकसित करने में होता है?
(i) मिट्टी को ***(ii)* फसल को** (iii) किरणों का (iv) नदियों के जल को

## कविता पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।

1 'तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान' कविता में पहली बार कवि को देखने पर बच्चे की क्या प्रतिक्रिया हुई?
(i) वह अत्यन्त प्रसन्न हो गया (ii) वह खुश होकर कवि की गोद में चला गया
***(iii)* वह कवि को अपलक देखने लगा** (iv) वह कवि को देखकर डर गया

2 'छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात' पंक्ति में 'कमल' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?
(i) फूलों के लिए ***(ii)* बच्चे के लिए** (iii) सजावट के लिए (iv) आर्थिक विपन्नता दर्शाने के लिए

3 शिशु को मधुपर्क का पान कौन कराता है?
(i) कवि ***(ii)* माँ** (iii) बहन (iv) अतिथि

4 बच्चा कवि को कैसे देख रहा है?
***(i)* तिरछी नजरों से** (ii) डर-डर कर (iii) रोकर (iv) हँस-हँस कर

5 कठिन पाषाण के पिघलने से क्या अभिप्राय है?
(i) तेज धूप से पत्थर का पिघलना (ii) कठोर पत्थर को तोड़ना
(iii) सभी का मन प्रफुल्लित होना ***(iv)* कठोर हृदय वाले व्यक्ति का विनम्र बनना**

6 निम्नलिखित में से क्या फसल को उपजाने के लिए आवश्यक कारक तत्त्व नहीं है?
***(i)* ओला वृष्टि** (ii)नदियों का पानी (iii) सूर्य का प्रकाश (iv)कृषकों का श्रम

7 'फसल' कविता में कवि ने पाठकों को किस विषय से अवगत कराया है?

(i) शारीरिक परिश्रम से (ii) प्राकृतिक उपादानों से
(iii) वायु शुद्धता से ***(iv)*** फसल निर्माण से

8 कवि ने फसल को किसके स्पर्श की महिमा बताया है?
(i) पानी (ii) सूरज ***(iii)*** हाथ (iv) मिट्टी

# पाठ- संगतकार बहुविकल्पीय प्रश्न कक्षा 10 हिंदी 'अ' क्षितिज:

काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न
निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।

**1** मुख्य गायक के चट्टान जैसे भारी स्वर का साथ देती
वह आवाज़ सुंदर कमज़ोर काँपती हुई थी
वह मुख्य गायक का छोटा भाई है
या उसका शिष्य
या पैदल चलकर सीखने आने वाला दूर का कोई रिश्तेदार

(क) मुख्य गायक की आवाज कैसी होती है?
(i) कर्कश (ii) पाषाण के समान कठोर (iii) कमजोर ***(iv)*** चट्टान जैसी भारी

(ख) मुख्य गायक के स्वर से स्वर मिलाती आवाज किसकी होती है?
(i) मुख्य गायक के शिष्य की (ii) मुख्य गायक के अनुज की
(iii) संगीत सीखने वाले कोई रिश्तेदार की ***(iv)*** उपरोक्त में से कोई भी हो सकता है

(ग) चट्टान जैसे भारी स्वर से क्या अभिप्राय है?
(i) कर्कश और कठोर स्वर ***(ii)*** गंभीर और दमदार स्वर
(iii) तीखा और मृदु स्वर (iv) कमजोर और पतला स्वर

(घ) निम्नलिखित में से क्या मुख्य गायक का साथ देने वाले गायक के स्वर की विशेषता नहीं है?
***(i)*** दमदार (ii) कमजोर (iii) कंपनयुक्त (iv) सुंदर

(ङ) किसकी आवाज में हिचक सुनाई देती है?

(i) मुख्य गायक के ***(ii)*** <u>संगतकार के</u> (iii) मुख्य गायक और संगतकार दोनों के
(iv) मुख्य गायक के शिष्य के

**2** मुख्य गायक की गरज में
वह अपनी गूँज मिलाता आया है प्राचीन काल से
गायक जब अंतरे की जटिल तानों के जंगल में
खो चुका होता है
या अपने ही सरगम को लाँघकर
चला जाता है भटकता हुआ एक अनहद
तब संगतकार ही स्थायी को सँभाले रहता है
जैसे समेटता हो मुख्य गायक का पीछे छूटा हुआ सामान
जैसे उसे याद दिलाता हो उसका बचपन
जब वह नौसिखिया था

(क) संगतकार किस स्थिति में स्थायी को सम्भाले रखने का कार्य करता है?
(i) जब मुख्य गायक के गायन की क्षमता क्षीण हो जाती है।
(ii) जब मुख्य गायक जंगल में खो जाता है।
***(iii)*** <u>जब मुख्य गायक अनहद में भटक जाता है।</u>
(iv) जब मुख्य गायक संगीत के जटिल सुरों को गाने में असमर्थ होता है।

(ख) प्राचीन काल से ही संगतकार क्या कार्य करता आया है?
***(i)*** <u>मुख्य गायक की आवाज में अपना स्वर मिलाता आया है।</u>
(ii) मुख्य गायक का पीछे छूटा हुआ सामान समेटता हुआ आया है।
(iii) मुख्य गायक के प्रभाव को क्षीण करता आया है।
(iv) मुख्य गायक को उसके बचपन की याद दिलाता आया है।

(ग) संगतकार की क्या भूमिका होती है?
(i) मुख्य गायक को उसके नैसिखिया रूप की याद दिलाना
(ii) मुख्य गायक के साथ आत्मविश्वास से भरे दमदार स्वर में गाना
***(iii)*** <u>मुख्य गायक के गायन के स्थायी को पकड़े रहना</u>
(iv) मुख्य गायक को सरगम को लाँघने से रोकना

(घ) प्रस्तुत काव्यांश में किसके महत्त्व को बताया गया है?
(i) मुख्य गायक के ***(ii)*** <u>संगतकार के</u> (iii) उच्च गुणवत्ता वाले वाद्‍ययंत्रों के (iv) शास्त्रीय संगीतज्ञ के

(ङ) नौसिखिया किसे कहा गया है?
(i) वाद्ययंत्र बजाने वालों को (ii) संगीत के सुरों को ***(iii)*** <u>मुख्य गायक को</u> (iv) संगतकार को

**3** तारसप्तक में जब बैठने लगता है उसका गला
प्रेरणा साथ छोड़ती हुई उत्साह अस्त होता हुआ
आवाज़ से राख जैसा कुछ गिरता हुआ
तभी मुख्य गायक को ढाँढ़स बँधाता
कहीं से चला आता है संगतकार का स्वर
कभी-कभी वह यों ही दे देता है उसका साथ
यह बताने के लिए कि वह अकेला नहीं है
और यह कि फिर से गाया जा सकता है
गाया जा चुका राग
और उसकी आवाज़ में जो एक हिचक साफ़ सुनाई देती है
या अपने स्वर को ऊँचा न उठाने की जो कोशिश है
उसे विफलता नहीं
उसकी मनुष्यता समझा जाना चाहिए। **CBSE 2017, 16, 14, 13**

(क) संगतकार किस प्रकार मुख्य गायक को यह अहसास दिलाता है कि वह अकेला नहीं है?
***(i)*** <u>मुख्य गायक के टूटते स्वर में अपना स्वर मिलाकर</u>
(ii) मुख्य गायक के समान उच्च स्वर में गाकर
(iii) मुख्य गायक की प्रेरणा बनकर (iv) मुख्य गायक के स्वर को ऊँचा उठाकर

(ख) संगतकार के स्वर में हिचक इसलिए सुनाई देती है, क्योंकि
(i) उसके स्वर में परिपक्वता का अभाव है। (ii) उसमें प्रतिभा की कमी है।
***(iii)*** <u>वह मुख्य गायक का मान बनाए रखना चाहता है।</u>
(iv) वह स्वयं को हीन समझता है।

(ग) तारसप्तक गाते समय मुख्य गायक का स्वर मंद क्यों पड़ जाता है?
(i) उसका उत्साह मंद पड़ जाता है। (ii) उसकी प्रेरणा साथ छोड़ने लगती है।
(iii) उसका गला बैठने लगता है। ***(iv)*** <u>उपरोक्त सभी कथन सत्य हैं।</u>

(घ) संगतकार की हिचक को उसकी मनुष्यता क्यों माना जाना चाहिए?

***(i)*** <u>क्योंकि वह मुख्य गायक के सम्मान को बढ़ाता है।</u>
(ii) क्योंकि वह संगीत के क्षेत्र में प्रसिद्धि प्राप्त करने का इच्छुक नहीं है।
(iii) क्योंकि वह अपने कार्य का श्रेय लेना नहीं चाहता।
(iv) क्योंकि वह संगीत के क्षेत्र में धन कमाने की लालसा नहीं रखता।

(ङ) मुख्य गायक को ढाँढस कौन बँधाता है?
(i) संगीतकार (ii) श्रोतागण ***(iii)*** <u>संगतकार</u> (iv) वाद्ययंत्रों की आवाज

## कविता पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।
1. प्रस्तुत पाठ में किसकी भूमिका के महत्त्व पर विचार किया गया है?
(i) कीमती वाद्ययंत्र ***(ii)*** <u>संगतकार की</u> (iii) गायन की प्रस्तुति (iv) मुख्य गायक

2. निम्न में से क्या संगतकार के स्वर की विशेषता नहीं है?
(i) मधुरता (ii) कमजोर ***(iii)*** <u>आत्मविश्वास भरी आवाज</u> (iv) कंपनशील

3. संगीत के स्थायित्व को सँभालते हुए संगतकार मुख्य गायक को उसके किस रूप की याद दिलाता है?
***(i)*** <u>नौसिखिया</u> (ii) गुरु (iii) युवावस्था (iv) परिपक्व गायक

4. संगतकार की मनुष्यता का परिचायक क्या है?
(i) मुख्य गायक का सामान समेटना (ii) श्रोतागणों का मनोरंजन करना
(iii) मुख्य गायक से मधुर गाना ***(iv)*** <u>अपने स्वर को जानबूझ कर मुख्य गायक से ऊँचा न उठाना</u>

5. 'चट्टान जैसा भारी स्वर' किसका है?
(i) संगतकार (ii) तबला ***(iii)*** <u>मुख्य गायक</u> (iv) आयोजक

6. मुख्य गायक की प्रेरणा कब साथ छोड़ने लगती है?
(i) जब वह बहुत लंबे समय से गा रहा होता है।
(ii) जब उसे पानी की आवश्यकता होती है।
***(iii)*** <u>जब वह उच्च स्वर में गाता है।</u>
(iv) जब संगतकार अनुपस्थित होता है।

7. संगतकार मुख्य गायक के स्वर की तुलना में अपना स्वर धीमा क्यों रखता है?

***(i)*** <u>मुख्य गायक के प्रति आदर की भावना होने के कारण</u>

(ii) संगीत का पूर्ण ज्ञान न होने के कारण

(iii) मधुर स्वर का अभाव होने के कारण

(iv) गायन प्रतिभा की कमी होने के कारण

8. मुख्य गायक को ढाँढस बँधाने का कार्य संगतकार कैसे करता है?

***(i)*** <u>मुख्य गायक के स्वर-से-स्वर मिलाकर</u>

(ii) मुख्य गायक को अकेले गाने की प्रेरणा देकर

(iii) तालियों द्वारा मुख्य गायक का उत्साहवर्धन करके

(iv) ठीक प्रकार से वाद्य यंत्र बजाकर